Vindhyeshwari Chalisa

श्रीविन्ध्येश्वरीचालीसा

DOHA · दोहा

1 नमो नमो बिंध्येस्वरी, नमो नमो जगदंब।
संत जनों के काज में, करती नहीं बिलंब॥

Namo namo bindhyesvari, namo namo jagadamb.
Sant janon ke kaj men, karati nahin bilamb.

CHAUPAI · चौपाई

1 जय जय जय बिंध्याचल रानी। आदि सक्ति जगबिदित भवानी॥

Jai jai jai bindhyachal rani. adi sakti jagabidit Bhavani.

2 सिंह बाहिनी जय जगमाता। जय जय जय त्रिभुवन सुखदाता॥

Sinh bahini jai jagamata. jai jai jai tribhuvan sukhadata.

3 कष्ट निवारिनि जय जग देवी। जय जय संत असुर सुरसेवी॥

Kashta nivarini jai jag devi. jai jai sant asur surasevi.

4 महिमा अमित अपार तुम्हारी। सेष सहस मुख बरनत हारी॥

Mahima amit apar tumhari. sesh sahas mukh baranat Hari.

5 दीनन के दुख हरत भवानी। नहिं देख्यो तुम सम कोउ दानी॥

Dinan ke dukh harat Bhavani. nahin dekhyo tum sam kou dani.

6 सब कर मनसा पुरवत माता। महिमा अमित जगत बिख्याता॥

Sab kar manasa puravat mata. mahima amit jagat bikhyata.

7 जो जन ध्यान तुम्हारो लावे। सो तुरतहिं बांछित फल पावे॥

Jo jan dhyan tumharo lave. so turatahin banchhit phal pave.

8 तू ही बैस्नवी तू ही रुद्रानी। तू ही सारदा अरु ब्रह्मानी॥

Tu hi baisnavi tu hi rudrani. tu hi sarada aru brahmani.

9 रमा राधिका स्यामा काली। तू ही मात संतन प्रतिपाली॥

Rama radhika syama Kali. tu hi mat santan pratipali.

10 उमा माधवी चंडी ज्वाला। बेगि मोहि पर होहु दयाला॥

Uma madhavi chandi jvala. begi mohi par hohu dayala.

11 तुम ही हिंगलाज महरानी। तुम ही सीतला अरु बिज्ञानी॥

Tum hi hingalaj maharani. tum hi sitala aru bigyani.

12 तुम्ही लच्छमी जग सुख दाता। दुर्गा दुर्ग बिनासिनि माता॥

Tumhi lachchhami jag sukh data. Durga Durga binasini mata.

13 तुम ही जाह्नवी अरु उन्नानी। हेमावती अंबे निरबानी॥

Tum hi jahnavi aru unnani. hemavati Ambe nirabani.

14 अष्टभुजी बाराहिनि देवा। करत बिस्नु सिव जाकर सेवा॥

Ashtabhuji barahini deva. karat bisnu siv jakar seva.

15 चौसट्टी देबी कल्यानी। गौरि मंगला सब गुन खानी॥

Chausatti debi kalyani. Gauri mangala sab gun khani.

16 पाटन मुंबा दंत कुमारी। भद्रकाली सुन बिनय हमारी॥

Patan mumba dant kumari. bhadrakali sun binay hamari.

17 बज्रधारिनी सोक नासिनी। आयु रच्छिनी बिंध्यबासिनी॥

Bajradharini sok nasini. ayu rachchhini bindhyabasini.

18 जया और बिजया बैताली। मातु संकटी अरु बिकराली॥

Jaya aur bijaya baitali. matu sankati aru bikarali.

19 नाम अनंत तुम्हार भवानी। बरनै किमि मानुष अज्ञानी॥

Nam anant tumhar Bhavani. baranai kimi manush agyani.

20 जापर कृपा मातु तव होई। तो वह करै चहै मन जोई॥

Japar krpa matu tav hoi. to vah karai chahai man joi.

21 कृपा करहु मोपर महारानी। सिध करिये अब यह मम बानी॥

Krpa karahu mopar maharani. sidh kariye ab yah mam bani.

22 जो नर धरै मातु कर ध्याना। ताकर सदा होय कल्याना॥

Jo nar dharai matu kar dhyana. takar sada hoy kalyana.

23 बिपति ताहि सपनेहु नहि आवै। जो देबी का जाप करावै॥

Bipati tahi sapanehu nahi avai. jo debi ka jap karavai.

24 जो नर कहे रिन होय अपारा। सो नर पाठ करे सतबारा॥

Jo nar kahe rin hoy apara. so nar path kare satabara.

25 निःचय रिनमोचन होइ जाई। जो नर पाठ करे मन लाई॥

Nihchay rinamochan hoi jai. jo nar path kare man lai.

26 अस्तुति जो नर पढ़ै पढ़ावै। या जग में सो बहु सुख पावै॥

Astuti jo nar parhai parhavai. ya jag men so bahu sukh pavai.

27 जाको ब्याधि सतावै भाई। जाप करत सब दूर पराई॥

Jako byadhi satavai bhai. jap karat sab dur parai.

28 जो नर अति बंदी महँ होई। बार हजार पाठ कर सोई॥

Jo nar ati bandi mahan hoi. bar hajar path kar soi.

29 निःचय बंदी ते छुटि जाई। सत्य बचन मम मानहु भाई॥

Nihchay bandi te chhuti jai. satya bachan mam manahu bhai.

30 जापर जो कुछ संकट होई। निःचय देबिहि सुमिरै सोई॥

Japar jo kuchh sankat hoi. nihchay debihi sumirai soi.

31 जा कहँ पुत्र होय नहि भाई। सो नर या बिधि करै उपाई॥

Ja kahan putra hoy nahi bhai. so nar ya bidhi karai upai.

32 पाँच बरष सो पाठ करावै। नौरातर महँ बिप्र जिमावै॥

Panch barash so path karavai. nauratar mahan bipra jimavai.

33 निःचय होहि प्रसन्न भवानी। पुत्र देहि ताकहँ गुन खानी॥

Nihchay hohi prasanna Bhavani. putra dehi takahan gun khani.

34 ध्वजा नारियल आन चढ़ावै। बिधि समेत पूजन करवावै॥

Dhvaja nariyal an charhavai. bidhi samet pujan karavavai.

35 नित प्रति पाठ करै मन लाई। प्रेम सहित नहि आन उपाई॥

Nit prati path karai man lai. prem sahit nahi an upai.

36 यह श्री बिंध्याचल चालीसा। रंक पढ़त होवै अवनीसा॥

Yah Shri bindhyachal chalisa. rank parhat hovai avanisa.

37 यह जनि अचरज मानहु भाई। कृपा दृष्टि जापर ह्वै जाई॥

Yah jani acharaj manahu bhai. krpa drshti japar hvai jai.

38 जय जय जय जग मातु भवानी। कृपा करहु मोहि पर जन जानी॥

Jai jai jai jag matu Bhavani. krpa karahu mohi par jan jani.

Text checked against: Gita Press, Gorakhpur: Shri Durga Chalisa aur Shri Vindhyeshwari Chalisa (code 1033), 'श्रीविन्ध्येश्वरीचालीसा'. Meanings, audio and all scripts at nityapaath.com/vindhyeshwari-chalisa/